तं वेधा विदधे नूनं महाभूतसमाधिना ।

तथाहि सर्वे तस्यासन्परार्थैकफला गुणाः ।।29।।

अन्वय नूनं वेधा तं महाभूतसमाधिना विदधे, तथाहि तस्य सर्वे गुणाः परार्थैकफलाः आसन्।

अनुवाद वास्तव में (यह निश्चित है कि) ब्रह्मा ने राजा दिलीप को महाभूतों की (पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश) (कारण) सामग्री से बनाया क्योंकि जैसे पञ्चभूतों के गुण दूसरों के लिए ही होते हैं वैसे ही) राजा दिलीप के सभी गुणों का फल भी दूसरों का हितसाधन ही था।

टिप्पणियां

इस श्लोक में महाराज दिलीप की परोपकारी वृत्ति का वर्णन है।

वेधा स्रष्टा, जगत् को बनाने वाला ब्रह्मा।

महाभूतः ब्रह्मा पञ्च महाभूतों से सृष्टि रचते हैं। उनके नाम हैं: आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी। सारी सृष्टि इन पञ्च महाभूतों के मिश्रण से बनी है।

समाधिः समाधीयते अनेन इति समाधिः। महाभूतानां समाधिः (षष्ठी तत्पुरुष) महाभूतसमाधिः, तेन।

मल्लिनाथ ने इसका अर्थ किया है: कारणसामग्री, जैसे मिट्टी घड़े की कारण सामग्री है। कारण के गुण होते हैं। कालिदास कहते हैं कि ब्रह्मा ने दिलीप को महाभूतों की कारणसामग्री से रचा होगा। जैसे महाभूत दूसरों के हित के लिए ही होते हैं (पृथ्वी हमें अन्न देती हैं, जल हमारी प्यास बुझाता है, वायु से हम सांस लेते हैं और जीते हैं), वैसे ही दिलीप के विद्या, बुद्धि, शौर्य आदि गुण भी दूसरों के लिए ही काम आते थे, उनके अपने स्वार्थ के लिए नहीं। अतः यह निश्चित है कि ब्रह्मा ने जिस कारणसामग्री से पञ्चमहाभूतों को बनाया उसी कारणसामग्री से महाराज दिलीप को भी बनाया होगा।

विदधे वि उपसर्ग धा धातु, लिट्, आत्मनेपद, अन्य पुरुष, एकवचन।

परार्थैकफलाः परेषाम् अर्थः (षष्ठी तत्पुरुष) परार्थः। एकं फलम् इति एकफलम्। परार्थ एव एकफलः येषां ते (बहुव्रीहि) परार्थैकफलाः। देखिए:

''वदनं प्रसादसदनं सदयं हृदयं सुधामुचो वाचः करणं परोपकरणं येषां केषां न ते वन्द्याः।''